www.sgbauonline.com

**AU–2191**

**M.A. Part–II Examination**

**HINDI**

**(Bhasha Vidnyan Ewam Hindi Bhasha)**

**Paper–III**

समय : 3 घण्टे] [पूर्णांक : 100

नोट :- **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

1. निम्नलिखित दीर्घोत्तरी प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लिखिए : 30

(क) भाषाविज्ञान के अध्ययन की दिशाओं का विस्तृत वर्णन कीजिए ।

(ख) स्वन की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए स्वनों के वर्गीकरण को प्रस्तुत कीजिए ।

(ग) रूप-प्रक्रिया को समझाते हुए उसके प्रकार्यों की विवेचना कीजिए ।

(घ) अर्थ परिवर्तन की दिशाओं को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए ।

2. निम्नलिखित दीर्घोत्तरी प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लिखिए : 30

(च) वैदिक तथा लौकिक संस्कृत की विशेषताओं का सविस्तार उल्लेख कीजिए ।

(छ) ब्रज और अवधी की विशेषताओं की विवेचना कीजिए ।

(ज) हिंदी शब्द निर्माण में उपसर्ग, प्रत्यय एवं समास के महत्व को स्पष्ट कीजिए ।

(झ) देवनागरी लिपि के मानकीकरण पर सम्यक विचार कीजिए ।

3. निम्नलिखित लघूत्तरी प्रश्नों में से किन्हीं **पांच** के उत्तर लिखिए : 20

(1) भाषा-अभिलक्षण की सोदाहरण विवेचना कीजिए ।

(2) शब्द और अर्थ का संबंध स्पष्ट कीजिए।

(3) वाक्य के भेद को समझाइए ।

(4) संबंधदर्शी रूपिम के प्रकार्य लिखिए ।



www.sgbauonline.com

www.sgbauonline.com

(5) अपभ्रंश की विशेषताएं बताइए

(6) पश्चिमी हिंदी की विशेषताएं बताइए।

(7) हिंदी के क्रिया रूप पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए ।

(8) देवनागरी लिपि के क्या वैशिष्ट्य हैं ?

(9) वर्तनी शोधक को संक्षेप में समझाइए ।

(10) संचार भाषा के रूप में हिंदी के सामर्थ्य पर प्रकाश डालिए ।

4. निम्नलिखित अति लघूत्तरी / वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 20

(1) हिंदी की उपभाषाएं कितने वर्गों में बंटी हैं ?

(तीन / पाँच / सात)

(2) देवनागरी लिपि को भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में राष्ट्रलिपि माना गया ?

(343 / 351 / 348)

(3) उर्दू ........ भाषा का शब्द है ।

(तुर्की / अरबी / फारसी)

(4) अ, आ, इ, ई, उ, ऊ कौन सी ध्वनियां हैं ?

(हिंदुस्तानी / उर्दू / हिंदवी / भारती)

(5) परस्पर वार्तालाप की भाषा को क्या कहते हैं ?

(संपर्क भाषा / राष्ट्रभाषा / राजभाषा)

(6) वर्तमान हिंदी का बोली रूप कौनसा है ?

(भोजपुरी / खड़ी बोली / ब्रज)

(7) भाषा में प्रयुक्त ध्वनि-प्रतीक ........ होते हैं ?

(यादृच्छिक / यांत्रिक / विनियोजित / रचित)

(8) ऋग्वेद किस भाषा में लिखा गया है ?

(वैदिक संस्कृत / लौकिक संस्कृत / प्राकृत)

(9) निम्न में से कौनसी पश्चिमी हिंदी की बोली नहीं है ?

(ब्रज / कौरवी / अवधी)



www.sgbauonline.com

www.sgbauonline.com

(10) हिंदी में स्वरों की संख्या है ।

(पाँच / आठ / दस)

(11) हिन्दू शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम ........ ........ ग्रंथ में मिलता है ।

(महाभारत / ऋग्वेद / अवेस्ता)

(12) पूर्ण अर्थ की प्रतीति करानेवाला सार्थक शब्द समूह वाक्य कहलाता है ।

(सही है / गलत है)

(13) शब्द और अर्थ का ... ...... संबंध होता है ।

(यादृच्छिक / प्राकृतिक / स्वाभाविक)

(14) पूर्वी हिन्दी की प्रमुख बोली ...... ...... है ।

(ब्रजभाषा / अवधी / राजस्थानी)

(15) उपसर्ग अंत में आता है और प्रत्यय पहले ।

(सही है / गलत है)

(16) संस्कृत के व्याकरण ग्रंथ अष्टाध्यायी का निर्माण ........ ...... ने किया ।

(पतंजलि / पाणिनी / यास्क)



www.sgbauonline.com

www.sgbauonline.com

www.sgbauonline.com